महत्वपूर्ण एवं खास

सड़क किनारे मिली युवक की लाश, हत्या की आशंका

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। दंतेवाड़ा से नकुलनार जाने वाले मुख्य मार्ग के बीच गंजेनार गांव के पांडूपारा में सडक़ पर युवक की लाश मिली है। मृतक युवक के सर के पीछे चोट के निशान है जिससे लगता है कि किसी धारदार हथियार से वार किया गया है। कुंआकोंडा पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह गंजेनार गांव के पांडूपारा में सडक़ पर में एक युवक का शव ग्रामीणों ने देखा और इसकी सूचना कुआंकोंडा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक की पहचान हूंगाराम भास्कर के रूप पर हुई है वहीं मृतक के सिर के पीछे चोट के निशान मिले है जिससे पुलिस को प्रथम दृष्टया हत्या का मामला लग रहा है। वहीं मामले में नक्सली हाथ होने की आशंका भी जताई जा रही है, लेकिन घटनास्थल पर किसी भी प्रकार के पोस्टर पर्ची नहीं मिलने से पुलिस हत्या के एंगल से मामले की विवेचना मैं जुटी है। इधर मृतक के परिवार के लोगों का कहना है कि युवक एक दिन पहले शाम को गाय बांधने के बाद घर से निकला था।

अस्पताल में महिला स्वास्थ्य अधिकारी से दुष्कर्म, तीन गिरफ्तार

मनेन्द्रगढ़ (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ में एक अस्पताल में महिला स्वास्थ्य अधिकारी से दिनदहाड़े रेप करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मामला झगड़ाखांड़ थाना क्षेत्र का है। मनेन्द्रगढ़ आदिवासी महिला स्वास्थ्य अधिकारी कम्युनिटी हेल्थ आफिसर के साथ तीन आरोपियों ने छिपछिपी उप-स्वास्थ्य केंद्र में बंधक बनाकर बलात्कार किया है साथ ही आरोपियों ने दुष्कर्म का वीडियो भी बना लिया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है तथा एसपी के निर्देश पर पुलिस की टीम जांच कर रही है। वहीं घटना की खबर मिलते ही भाजपा के कार्यकर्ता अस्पताल में रेप की घटना के बाद का थाना परिसर के बाहर प्रदर्शन कर रहे है। मामले में पुलिस ने 3 लोगों की गिरफ्तारी किया है जिसमें से मुख्य आरोपी नाबालिग बताया जा रहा है वहीं अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

ग्राम कोकडी और नहरगांव के बीच सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

गरियाबंद (आरएनएस)। जिला मुख्यालय से चार किलोमीटर दूर सडक़ दुर्घटना में एक ब्यक्ति को चोट लगी जिसे घायल अवस्था मे जिला अस्पताल लाकर उपचार किया गया।घटना के विषय मे मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद से छूरा मार्ग ग्राम कोकडी और नहरगाव क बीच मुख्य मार्ग में एक ब्यक्ति को सडक़ में घायल अवस्था मे देख संजीवनी 108 को घटना की जानकारी दिया गया ,इस जानकारी के साथ संजीवनी वाहन से तत्काल घायल को जिला अस्पताल लाया गया जहाँ उसका उपचार किया जा रहा है , वही घायल ब्यक्ति की पहचान नही हो पाई गई।

शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 3 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

मोहला । मोहला विकासखंड के शासकीय उचित मूल्य दुकान माडिंग-पिड्डिंग, मुनगाडीह, तेलीटोला, रानाटोला, बिरझूटोला, कोड़ेमरा, कनेरी, कंदाड़ी, मडिय़ानवाड़वी, सांगली, वासड़ी के संचालन के लिए 3 नवम्बर 2022 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक एजेंसी वृहत्ताकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समितियां लेम्पस, प्राथमिक कृषि शाक समितियां, वन सुरक्षा समितियां, महिला स्वसहायता समूह, ग्राम पंचायतों एवं अन्य उपभोक्ता सहकारी समितियां अपना आवेदन पत्र सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित तिथि तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मोहला में कार्यालयीन अवधि में जमा कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी खाद्य विभाग की वेबसाईट एवं कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी मोहला से प्राप्त कर सकते हैं।

गोलबाजार में स्थानीय दुकानदारों से खरीदी करने पहुंचे मुख्यमंत्री

❒ मुख्यमंत्री बघेल ने ग्रामीण उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की

❒ शासन की योजनाओं से जनता की जेब में गया पैसा, त्योहार को लेकर लोग दिख रहे उत्साहित

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज धनतेरस के मौके पर राजधानी रायपुर में स्थानीय दुकानदारों से दीपावली की खरीदारी करने पहुंचे। इस दौरान बाजार में रौनक देखकर छत्तीसगढ़वासियों की तरह ही मुख्यमंत्री के चेहरे पर भी खुशी नजर आयी। उन्होंने कहा कि, बीते दो साल दीपावली की त्योहारी सीजन का बाजार कोरोना की वजह से प्रभावित रहा। इस बार बाजार में भरपूर रौनक है। शासन की विभिन्न योजनाओं और नीतियों के चलते ग्रामीण, मजदूर, किसान से लेकर अधिकारी-कर्मचारी वर्ग सभी की जेब में पैसा है। यह पैसा अब बाजार तक पहुंच रहा है। इससे व्यापारी वर्ग भी उत्साहित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, 'त्योहार का अवसर है, ऐसे में मैं भी अपने परिवार के लिए खरीदारी करने पहुंचा हूं।' उन्होंने गोल बाजार में स्थानीय दुकानदारों ने दीये, मटका, रुई-बत्ती, मौली धागा, रक्षासूत्र, तोरण, बताशा, लाई समेत स्थानीय स्तर पर तैयार ग्रामीण उत्पादों की खरीदी की साथ ही दूसरों से भी ग्रामीण उत्पादों और स्थानीय दुकानदारों से सामान खरीदकर उनकी आर्थिक समृद्धि में योगदान देने की अपील की। इस दौरान मुख्यमंत्री बघेल के साथ छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढ़ेबर, रायपुर कलेक्टर

सर्वेश्वर भूरे भी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगातार छत्तीसगढिय़ा ग्रामीण उत्पादों को प्रोत्साहित करते हैं। इसी कड़ी में आज धनतेरस के मौके पर मुख्यमंत्री राजधानी रायपुर के गोलबाजार पहुंचे और ग्रामीण कुम्हारों द्वारा सजाए गए दुकानों में जाकर मिट्टी के दीये, मटका की खरीदारी की। वहीं छोटी दुकानें सजाकर बैठी महिला दुकानदार मीना बाई गवली, मंजू पवार, बुधियारिन बाई के पास जाकर हाथ से तैयार किए गए मौली धागा, रक्षा सूत्र, पूजा पैकेट, तोरण आदि की खरीदी की। मुख्यमंत्री ने सडक़ पर एक डंडे के सहारे अपनी दुकान चला रहे 11 वर्षीय मासूम शेख फरहान से पांच नग माला भी खरीदी और बदले में पांच सौ रुपये बच्चों को दिए। गोलबाजार में खरीदारी के दौरान मुख्यमंत्री ने वहां पहुंची युवती आम्रपाली गनवीर से पूछा कि वे क्या-क्या खरीद रही हैं, युवती ने बताया कि वो स्थानीय दुकानदारों से ही खरीदी कर रही हैं जिस पर प्रसन्न होकर मुख्यमंत्री ने उन्हें मयूर पंख उपहार में भेंट किया। वहीं अपने पिता के साथ मिट्टी के दीयों की खरीदी करती नन्हीं बच्ची आसू बाया को देखकर मुख्यमंत्री बघेल ने बच्ची को आत्मीय भाव से गोद में लेकर दुलार किया।

स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना हमारी जिम्मेदारी : इस मौके पर मुख्यमंत्री बघेल ने सभी को धनतेरस, रूप चौदस व दीपावली की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना हम सबकी जिम्मेदारी है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा तो कहीं-न-कहीं यह छत्तीसगढ़ के विकास की गति को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ सरकार ने परम्परागत व्यवसाय, हस्तशिल्प व हस्तकला को बढ़ावा देने के लिए वन धन विकास केन्द्र, छत्तीसगढ़ हर्बल से लेकर सी-मार्ट (छत्तीसगढ़ मार्ट) की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, दीपावली का त्योहार कुम्भकार समुदाय के लिए विशेष रूप से उम्मीदों का अवसर होता है, जब उनका व्यवसाय अपेक्षाकृत अधिक होता है और उन्हें आर्थिक संबलता मिलती है। इसी तरह छत्तीसगढ़ में ग्रामीण महिलाएं फूल झाड़ू, धान की बालियों से झालर, बांस की टोकरी समेत टेराकोटा जैसे अनेक तरह के उत्पाद तैयार कर रही हैं। इनकी खरीदी कर इन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

शासकीय योजनाओं से हर चेहरे पर है खुशी : बाजार में रौनक को लेकर एक सवाल पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि, छत्तीसगढ़ सरकार राजीव गांधी किसान न्याय योजना के जरिये किसानों को उनकी उपज का सही दाम दे रही है। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के माध्यम से गरीब, मजदूर वर्ग को आर्थिक सहायता दी जा रही है। गोधन न्याय योजना छत्तीसगढ़ में गोपालकों व गौठान समितियों तथा महिला स्व-सहायता समूहों के लिए आय का बड़ा स्त्रोत बन चुकी है। छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन योजना बहाल करने साथ ही शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में हाल ही में पांच प्रतिशत की वृद्धि की गई। अब राज्य के शासकीय कर्मचारियों को 33 प्रतिशत तक महंगाई भत्ता दिया जा रहा है।

कैबिनेट मंत्री अकबर ने तरेगांव जंगल में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की नई शाखा का किया शुभारंभ

❒ ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिग सुविधा मिलने से हजारों किसानों और ग्रामीणजनों को मिलेगा सीधा लाभ- कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर

कवर्धा (आरएनएस)। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने आज अपने कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के तरेगांव जंगल में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांगांव की नवीन शाखा का शुभारंभ किया है। वनांचल क्षेत्र की यह वर्षों पुरानी मांग थी। अकबर ने बैंक का शुभारं करने से पहले छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर पर मल्यार्पण एवं विधिवत पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के शुभारंम में छत्तीसगढ़ के राजगीय गीत की स्तुति भी की गई।

मंत्री अकबर ने इस दौरान बैंक के कार्यविधि की जानकारी ली और बैंक में पैसा निकालने आए खाता धारकों से बात की। ग्राम राली निवासी यशवंत मरकाम ने बैंक से 10 हजार रुपया निकले। बैजलपुर निवासी तिहार सिंह से 3 हजार रुपया नगद निकाला। उन्होंने मंत्री अकबर को बताया कि बैंक के खुलने से अब हमें दूर नही जाना पड़ेगा। इससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी। उन्होंने बताया कि पहले बैंक के कार्य और पैसा

निकालने के लिए बोड़ला जाना पड़ता था। लेकिन अब क्षेत्रवासियों के लिए वनांचल में बैंक खुलने से सुविधाओं का विस्तार हुआ है। मंत्री अकबर ने नवीन बैंक शाखा खुलने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। कैबिनेट मंत्री अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार पर भी जोर दिया जा रहा है। आज तरेगांवजंगल में जो बैंकिग सुविधाओं का जो विस्तार हो रहा है यह भी राज्य शासन की देन है। उन्होने कहा कि इस बैंक के खुलने से वनांचल क्षेत्र के हजारों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। मंत्री अकबर ने बताया कि तरेगांव जंगल में बैंक खुलने से बैजलपुर समिति के 1500 किसान और बोदा के 1500 किसानों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर अकबर ने ग्राम तरेगांव जंगल, बांटी पथरा, दुर्जनपुर के सैकड़ों हितग्राहियों को छत्तीसगढ़ सर्वभौम पीडीएस योजना के तहत नवीनीकृत राशन कार्ड का वितरण किया।0

मुख्यमंत्री ने धनतेरस पर अपने निवास में धान की झालर बांधने की रस्म की पूरी

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में दीपावली की सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप आज धनतेरस पर अपने निवास के द्वार पर धान की झालर बांधने की रस्म पूरी की।

दीपावली के दौरान खेतों में जब नयी फसल पककर तैयार हो जाती है, तब ग्रामीण धान की नर्म बालियों से कलात्मक झालर तैयार करते हैं। इनसे घरों की सजावट कर वे अपनी सुख और समृद्धि के लिए मां लक्ष्मी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्हें पूजन के लिए आमंत्रित करते हैं। ऐसा लोक विश्वास है कि उनका यह आमंत्रण उन चिडिय़ों के माध्यम से देवी तक पहुंचता है, जो धान के दाने

चुगने आंगन और द्वार पर उतरती हैं। इस तरह प्रदेश की लोक-संस्कृति अपनी खुशियों को प्रकृति के साथ बांटती है और उसे सहेजती है। छत्तीसगढ़ में बस्तर से लेकर सरगुजा तक धान की झालर घर के आंगन और द्वार पर लटकाए जाने की परंपरा है। जिसे पहटा अथवा पिंजरा भी कहा जाता है।

हजारों रुपए कीमती चार बोरियों में अवैध रूप से रखा पटाखा जब्त

कोरबा (आरएनएस)। रामपुर बस्ती में अवैध रूप से भंडारित कर रिहायशी इलाके में ज्वलनशील विस्फोटक पदार्थ चार बोरियों में भरा पटाखा बिक्री करने वाले व्यवसायी को पकडक़र पुलिस ने उपरोक्त पटाखे जब्त कर उसके विरूद्ध 5 विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई किया है। मिली जानकारी के अनुसार रामपुर चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक मस्तराम कश्यप को मुखबिर से सूचना मिली कि रामपुर बस्ती में उमेश साहू उम्र 45 पिता भोलाराम साहू जो बिहार प्रांत से आकर दुकान संचालित कर रहा

है। उसके द्वारा अवैध रूप से नीति विरूद्ध रिहायशी इलाके में ज्वलनशील पटाखा बिक्री किया जा रहा है। सूचना पर मौके पर चौकी प्रभारी कृष्णा साहू के निर्देशन में पहुंचे प्रधान आरक्षक कश्यप ने हमराह स्टाफ के साथ कार्रवाई करते हुए चार बोरी पटाखा कीमत 20 हजार रुपए से ज्यादा का जब्त कर लिया। आरोपी के विरूद्ध पांच विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई कर कोरबा न्यायालय पेश किया जा रहा है।

सीजी हर्बल के शुद्ध उत्पादों का गिफ्ट हैंपर आकर्षक कीमत में सी मार्ट में उपलब्ध : दीवाली में अपने प्रियजनों को दें शुद्धता का उपहार

❒ गिफ्ट हैंपर में शुद्ध शहद, रागी कुकीज, आंवला कैंडी, तिखूर मिक्स, लाल पोहा शामिल

कोरबा (आरएनएस)। दीवाली के पावन अवसर पर अपने प्रियजनों को शुद्धता का उपहार देने के लिए शुद्ध उत्पादों का गिफ्ट हैंपर सी मार्ट में उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ हर्बल द्वारा निर्मित शुद्ध उत्पादों का गिफ्ट हैंपर आकर्षक कीमत में टीपी नगर स्थित सी मार्ट तथा कोसाबाड़ी स्थित संजीवनी मार्ट में उपलब्ध है। इनमें कच्ची हल्दी के अचार 300 ग्राम,

लाल पोहा 500 ग्राम, कोंडानार तिखुर मिक्स 150 ग्राम, साल्टेड काजू 30 ग्राम, एलोवेरा जेल 50 मिलीलीटर, एवं एलोवेरा शैंपू - मॉश्चराइजर 300 ग्राम युक्त गिफ्ट हैंपर 1100 रुपए में उपलब्ध है। साथ ही आंवला मुरब्बा 500 ग्राम, रागी कुकीज 180 ग्राम, जामुन रिफ्रेश 500 मिली, शुद्ध शहद 600 ग्राम, इमली कैंडी 50 ग्राम , एलोवेरा जूस 500 मिली, नमकीन काजू 80 ग्राम, आंवला कैंडी 50 ग्राम एवं गोबर दीया 10 नग युक्त गिफ्ट हैंपर 1500 रुपए में उपलब्ध है। नागरिकगण दोनो स्टोर में पहुंचकर शुद्ध प्राकृतिक उत्पादों से युक्त गिफ्ट हैंपर की खरीददारी कर सकते है।

कटघोरा को जिला बनाओ मांग को लेकर जनसेवक करेगा कटघोरा से रायपुर तक पदयात्रा

कोरबा (आरएनएस)। कटघोरा को जिला बनाने की मांग कई वर्षों से की जा रही है, जिसकी मांग को लेकर अधिवक्ता संघ की अनिश्चित कालीन हड़ताल व अथक प्रयासों के बाद एक बार फिर कटघोरा को जिला बनाने की मांग को लेकर कटघोरा निवासी जनसेवक उत्तम सिंह रंधावा की सराहनीय पहल देखने को मिल रही है। कटघोरा को जिला बनाओ अभियान के तहत उत्तम सिंह रंधावा कटघोरा से रायपुर पदयात्रा करने वाले है हालाकि पदयात्रा की तारीख अभी तय नहीं हुई हैं परंतु उनके इस पहल को कटघोरा नगर वासियों का भरपूर समर्थन मिल रहा हैं और इस पहल की जमकर तारीफ हो रही है। गौरतलब हैं की छत्तीसगढ़ की सबसे पुराने तहसीलों में से एक सन् 1916 तहसील कटघोरा को जिला बनाने की मांग कई वर्षों से की जा रही है। विगत वर्ष अधिवक्ता संघ द्वारा अनिश्चित कालीन हड़ताल भी किया गया था जो की अभी तक जारी है। अधिवक्ता संघ की अनिश्चित कालीन हड़ताल से प्रेरित होकर उत्तम सिंह रंधावा कटघोरा से रायपुर तक पदयात्रा करेंगे व यात्रा कर अपनी जायज मांग को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात करेंगे। ज्ञात है की कोरबा जिले के बिलासपुर में शामिल रहने के दौरान कटघोरा तहसील था। परंतु कटघोरा को जिला बनाने के जगह पर कोरबा को जिला का दर्जा दिया गया था। इसके बाद कई वर्षो से लगातार कटघोरा को जिला बनाने के लिए ज्ञापन सौंपा गया व अनिश्चित कालीन हड़ताल तक किया गया परन्तु कटघोरा को अभी तक जिला का दर्जा नहीं दिया गया है। क्षेत्रवासी लंबे समय से कटघोरा को जिला बनाने की मांग कर रहे हैं। पिछले स्वतंत्रता दिवस पर 4 नए जिले की घोषणा के बाद अब एक बार फिर कटघोरा को जिला बनाने की मांग उठी है। अधिवक्ता संघ के बाद अब नगर के समाज सेवी रंधावा ने भी यह मांग उठाई है। वही देखना दिलचस्प होगा की एक नवयुवक सामाजिक कार्यकर्ता उत्तम सिंह रंधावा के इस पदयात्रा का किस तरह का प्रभाव पड़ता हैं उत्तम सिंह रंधावा ने बताया की लगातार नगर वासियों के द्वारा कटघोरा को जिला बनाने की मांग की जा रही हैं, पिछले 2 वर्षो से अधिवक्ता संघ भी लगातार अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे हुए है, जिससे प्रेरित होकर मेरे द्वारा कटघोरा से रायपुर पदयात्रा अभियान के तहत पदयात्रा कर मांग को राज्य सरकार तक पहुंचाई जाएगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिछड़े पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

आंखों के लिए नुकसानदायक है पटाखों का प्रदूषण, पटाखे जलाने और आतिशबाजी के दौरान रखें सावधानी : महामारी नियंत्रण संचालक डॉ. सुभाष मिश्रा

रायपुर। दीवाली रोशनी का त्योहार है। देश भर में इसे बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। उमंग के उत्सव में हमारी जरा सी लापरवाही रंग में भंग डाल सकती है। त्योहार के दौरान खान-पान, दिनचर्या और इसे मनाने के तरीकों को लेकर सभी लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है। उत्साह के बीच हमेशा ध्यान रखें कि स्वास्थ्य आपकी पहली प्राथमिकता है। इससे किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। दीपावली के इस त्योहार में मधुमेह

के साथ वजन और आंखों की सेहत को लेकर हमेशा सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।

संचालक, महामारी नियंत्रण डॉ. सुभाष मिश्रा ने बताया कि दीपावली में पटाखों को लेकर बरती गई लापरवाही के कारण हाथ और उंगली के बाद प्रभावित होने वाला दूसरा सबसे आम अंग हैं आंखें। पटाखों के धुंएं के कारण आंखों में जलन-चुभन के साथ लालिमा होने का खतरा होता है। इसके अलावा पटाखों से लगने वाली चोट आंखों में घाव, रक्त के थक्के बनने या पुतली को भी नुकसान पहुंचा सकती है।

बोतल में जलाए जाने वाले रॉकेट लोगों के चेहरों पर उड़कर लग जाते हैं जिसके कारण आंखों में चोट के सबसे ज्यादा मामले देखे जाते हैं। पटाखों के नजदीक में फटने से आंखों की रोशनी भी खराब हो सकती है। दीपावली के दौरान आंखों से संबंधित किसी भी प्रकार की आपात चिकित्सा के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर चिकित्सालय एवं एम्स रायपुर में 24 घंटे चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहेगी।

ये सावधानियां हैं जरूरी

पटाखे जलाते समय सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। बच्चों द्वारा आतिशबाजी के समय बड़े लोगों को निगरानी रखनी चाहिए। पटाखे हमेशा शरीर से दूर रखकर ही जलाएं। आतिशबाजी वाले क्षेत्र से सभी ज्वलनशील चीजों को हटा लें।

पटाखा जलाने के लिए लंबी डंडी का प्रयोग करें, जिससे इससे होने वाले धमाके से हाथों या आंखों पर कोई असर न हो। आंखों को सुरक्षित रखने के लिए आतिशबाजी करते समय सुरक्षात्मक चश्मे पहनें। अनार जैसे पटाखों से आंखों और चेहरों पर चोट के सबसे ज्यादा मामले देखे जाते हैं। इसे हमेशा दूर से ही जलाएं।

आंख में खुजली या जलन होने या चोट लगने पर तुरंत नेत्र रोग विशेषज्ञ से परामर्श लें।